# उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश का हब बनाने के लिए जीसीसी कॉन्क्लेव में जुटेंगे दिग्गज निवेशक

- *इन्वेस्ट यूपी करेगा जीसीसी कॉन्क्लेव का आयोजन, वैश्विक कंपनिया करेंगी निवेश पर मंथन*

लखनऊ, 9 जून, 2025: उत्तर प्रदेश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से 10 जून को लखनऊ के ताज होटल में एक दिवसीय ' **वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) कॉन्क्लेव**' का आयोजन किया जाएगा। राज्य की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट यूपी इस मंच के माध्यम से उत्तर प्रदेश वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) नीति पर चर्चा और प्रचार-प्रसार करेगी। इस दौरान उद्योग जगत के निवेशकों, नीति निर्माताओं और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ गहन विचार-विमर्श भी होगा। यह नीति, उत्तर प्रदेश को जीसीसी के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करने के लिए डिज़ाइन की गई है, जो आईटी, अनुसंधान-डिजाइन (आरएंडडी), डिजिटल इंजीनियरिंग, वित्त और अन्य उच्च-मूल्य वाले वैश्विक कार्यों में भारत के नेतृत्व को मजबूत करेगी।

उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव **श्री मनोज कुमार सिंह**, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव **श्री आलोक कुमार**, तथा आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के **प्रमुख सचिव श्री अनुराग यादव** इस कॉन्क्लेव के मुख्य वक्ता होंगे। इनके साथ नासकॉम के उत्तर भारत क्षेत्र के **प्रमुख श्री अमित वर्मा** भी उपस्थित रहेंगे, जो उत्तर प्रदेश में वैश्विक प्रतिस्पर्धी जीसीसी, ईकोसिस्टम के निर्माण पर उद्योग की दृष्टि साझा करेंगे। अन्य प्रमुख वक्ताओं में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया से **श्री वरुण रमणन,** एमएक्यू सॉफ्टवेयर के **संस्थापक श्री राजीव अग्रवाल**, और टीसीएस लखनऊ के प्रिंसिपल कंसल्टेंट एवं सेंटर हेड **श्री अमिताभ तिवारी** शामिल होंगे। इसके अलावा रियल एस्टेट डेवलपर्स की शीर्ष संस्था क्रेडाई (CREDAI) के सदस्य भी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

यह नीति वित्तीय प्रोत्साहन, वेतन संबन्धित सब्सिडी (पेरोल), प्रतिभा विकास प्रावधानों और अनुसंधान एवं विकास का एक प्रतिस्पर्धी मिश्रण प्रदान करती है, जो उत्तर प्रदेश सरकार के व्यापार में सुगमता (ईओडीबी) और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह आयोजन उत्तर प्रदेश के निवेश-अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र, विशाल रोजगार योग्य प्रतिभा पूल और प्रगतिशील नियामक ढांचे का लाभ उठाने के इच्छुक वैश्विक निवेशकों के लिए एक अनूठा नेटवर्किंग अवसर प्रदान करेगा। राज्य सरकार के साथ साझेदारी में इन्वेस्ट यूपी उद्योग के नेताओं और वैश्विक निवेशकों को जीसीसी कॉन्क्लेव में अभूतपूर्व व्यावसायिक अवसरों का पता लगाने के लिए आमंत्रित करता है, जो भारत के सबसे गतिशील वैश्विक निवेश केंद्र बनने की दिशा में उत्तर प्रदेश की परिवर्तनकारी नीति को प्रदर्शित करता है।

----------------